भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या: *196

दिनांक 12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आंध्र प्रदेश में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की स्थापना

†*196. डॉ. सी. एम. रमेशः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार ने आंध्र प्रदेश राज्य में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएएम) की 45 इकाइयों की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है;

(ख) यदि हां, तो स्वीकृत एएएम का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त 45 इकाइयों विशेषकर अनकापल्ली जिले के लिए कितनी धनराशि अनुमोदित, स्वीकृत, जारी और व्यय की गई है; और

(घ) इन एएएम के कब तक कार्यशील होने की संभावना है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री

(श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 12.12.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 196 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) जी, हां। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) योजना के तहत वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक पांच वर्षों के लिए आंध्र प्रदेश के लिए पैंतालीस (45) शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (यूएएएम) स्वीकृत किए गए थे। इसके अलावा, 15वें वित्त आयोग के स्वास्थ्य क्षेत्र अनुदान के तहत वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक राज्य के लिए 191 यूएएएम भी स्वीकृत किए गए थे।

(ख) पीएम-एबीएचआईएम के तहत स्वीकृत 45 यूएएएम का जिलावार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ग) आंध्र प्रदेश राज्य के लिए वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएम- एबीएचआईएम के तहत यूएएएम के लिए राज्य कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (एसपीआईपी) की स्वीकृतियाँ क्रमशः 13805 लाख रुपये और 1824.75 लाख रुपये हैं। अनकापल्ली जिले में एक यू-एएएम स्वीकृत किया गया है।

(घ) जन-स्वास्थ्य राज्य का विषय है, और पीएम- एबीएचआईएम के अंतर्गत 45 यूएएएम का परिचालन आंध्र प्रदेश राज्य सरकार के अधीन है।

******

अनुबंध-I

आंध्र प्रदेश के लिए पीएम-एबीएचआईएम के तहत स्वीकृत शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (यू-एएएम) का विवरण

क्र.सं	जिले का नाम	सुविधा केंद्रों का नाम
1	अनकापल्ली	श्रीरामनगर
2	अनंतपुर	मुन्नानगर-33 वार्ड
3	अनंतपुर	बिंदेला कॉलोनी
4	बापतला	नेता जी कॉलोनी
5	चित्तूर	एकंबर कुप्परम
6	पूर्वी गोदावरी	सिंहाचलम नगर
7	पूर्वी गोदावरी	वैंबे कॉलोनी
8	एलुरु	गोलायागुडेम-01
9	गुंटूर	लालापेटा
10	गुंटूर	पिचुकुला गुंता
11	गुंटूर	चिनारावुरु-02
12	गुंटूर	केबिनपेटा
13	काकीनाडा	रेचरला पेटा
14	काकीनाडा	वडिल्लापेटा-2
15	कृष्ण	ताड़ीगाडापा-4 (श्रीनिवासनगर)
16	कुरनूल	36-ए वार्ड एनटीआर कॉलोनी-1
17	कुरनूल	37-ए वार्ड ममिदालापाडु-1
18	कुरनूल	16 वार्ड अम्बेडकर नगर
19	एनटीआर	फ़्रीज़रपेटा
20	एनटीआर	पन्नमी घाट, बैंक कॉलोनी
21	एनटीआर	रामलिंगेश्वर नागर कट्टा
22	एनटीआर	भूपेश गुप्ता नगर
23	एनटीआर	पप्पुलामिल्लू
24	एनटीआर	सीआर नगर
25	पालनाडु	रेलवे गेट-मस्जिद
26	पालनाडु	बुडगजंगला कॉलोनी
27	पार्वतीपुरम मान्यम	कोठावलासा-1
28	प्रकाशम	एकलव्यनगर (स्लेट श्रमिक)
29	प्रकाशम	ग्रेनाइट वकर्स
30	एसपीएसआर नेल्लोर	भगतसिंग कॉलोनी
31	एसपीएसआर नेल्लोर	वेंगलराव नगर
32	श्रीकाकुलम	दम्मलावीधी
33	तिरुपति	स्कैवेंजर्स कॉलोनी
34	तिरुपति	ऑटो नगर
35	विशाखापत्तनम	पेडाजलारिपेटा
36	विशाखापत्तनम	चिलकापेटा
37	विशाखापत्तनम	कैलासपुरम
38	विशाखापत्तनम	यारदा
39	विशाखापत्तनम	असिवनिपालेम
40	विशाखापत्तनम	चित्तिवलासा
41	विजयनगरम	उप्पारापेटा-33 (सैनाधाकॉलोनी)
42	पश्चिम गोदावरी	स्केवेंजर्स कॉलोनी-डब्ल्यूएस
43	वाईएसआर	प्रकाशनगर
44	वाईएसआर	नकाश-2
45	वाईएसआर	संजीवनगर

*****